प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- जैसलमेर के पास एसी स्लीपर बस में आग लगने वाले हादसे में 20 लोगों की मौत –केन्द्र ने मृतको के परिजनों के लिए 2–2 लाख रूपये और घायलों के लिए 50–50 हजार रूपये की सहायता राशि की घोषणा की।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सवाई मान सिंह अस्पताल अग्नि कांड मामले में डीजीपी और मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।
- जल जीवन मिशन के अंतर्गत 15 करोड़ 71 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन दिए गए हैं।
- प्रदेश में दलहन–तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए 18 अक्टूबर से ऑनलाईन पंजीयन शुरू होगा।

00000

जैसलमेर के पास एसी स्लीपर बस में आग लगने वाले हादसे में 20 लोगों की मौत की खबर है। हादसे में 15 लोग गंभीर रूप से झुलस गये। घायलों को जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दुर्घटनास्थल पंहुचे। उन्होंने थईयात आर्मी एरिया में संबंधित अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त बस का निरीक्षण भी किया। श्री शर्मा ने दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा है कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ खड़ी हैं। इसके बाद उन्होंने जोधपुर पंहुचकर अस्पताल में घायलों से भी मुलाकात की। इस दौरान चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त किया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। केंद्र सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 2–2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। गौरतलब है कि ये दुर्घटना जैसलमेर–जोधपुर राजमार्ग पर कल दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हुई। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

दुर्घटना के समय बस में 50 से ज़्यादा लोग सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि शवों के बुरी तरह झुलस जाने के कारण उनकी पहचान डीएनए परीक्षण से की जाएगी। जैसलमेर के जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने लापता यात्रियों के परिजनों को जिला प्रशासन से संपर्क करने को कहा है।

.....

00000

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जयपुर स्थित सवाई मान सिंह अस्पताल में आग लगने से आठ मरीजों की मौत और तीन के गंभीर रूप से घायल होने की मीडिया रिपोर्ट के संबंध में डीजीपी और मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया है। इस घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए, आयोग ने दो सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने रिपोर्ट में पीड़ितों के परिजनों को दिए गए मुआवजे की स्थिति भी पूछी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 6 अक्टूबर को जब आग लगी थी, तब अस्पताल के आईसीयू और सेमी आईसीयू वार्ड में 18 मरीज भर्ती थे।

00000

प्रदेश में चलाये जा रहे शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से लोगों को लगातार राहत पंहुचाई जा रही है। 17 अक्टूबर तक ये शिविर आयोजित किये जायेंगे। इनमें आमजन की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने के साथ ही उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडा जा रहा है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि जिले में लगाये गये ग्रामीण सेवा शिविरों में लोगों की वर्षो पुरानी समस्याओं को मौके पर ही हल किया जा रहा है।

....

000

प्रदेश में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से जगह–जगह कार्रवाई कर मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त की जा रही है। साथ ही दुषित खाद्य पदार्थो को नष्ट करवाया जा रहा है। इसी कडी में भरतपुर के भुसावर कस्बे में कल एक दर्जन से अधिक मिठाई तथा डेयरी उत्पाद की दुकानों पर छापा मारा गया। खाद्य विभाग की टीम ने 100 किलो से अधिक मिलावटी मिठाई को नष्ट करवाया। इसी तरह सवाईमाधोपुर के मलारना डूंगर और हाडोती में दुकानदारों के यहां छापे मारे गये। वहीं पाली में दो निजी बसों की तलाशी में खाद्य विभाग के दल को 4 हजार 660 किलो नकली मावा मिला। जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी विकास मारवाल ने बताया कि ये मावा अहमदाबाद भेजा जा रहा था।

.....

00000

जल जीवन मिशन के अंतर्गत 15 करोड़ 71 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल के कनेक्शन दिए गए हैं। इसके साथ ही पूरे देश के 80 प्रतिशत से अधिक घरों में नल से जल पहुंचने लगा है। मंत्रालय ने नई दिल्ली में पहला जिलाधिकारी पेयजल संवाद आयोजित किया। इस संवाद का उद्देश्य मिशन के अंतर्गत जिलों के नेतृत्व वाले शासन को मजबूत करना, नवाचार को प्रोत्साहन देना, आपसी आदान–प्रदान और जिलों के बीच सहकर्मी शिक्षा को बढ़ावा देना है। मंत्रालय ने कहा कि जिलाधिकारी नीति और लोगों के बीच महत्वपूर्ण सेतु के रूप में काम करते हैं।

00000

जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय में जीरे की एक नई किस्म इजाद की गई है। इस नई किस्म **जोधपुर जीरा वन** के बनने से प्रदेश को जीरा उत्पादन के लिए गुजरात से लाई गई किस्मों पर निर्भर नहीं रहना पडेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से इसे अधिकारिक मंजूरी दे दी गई है और इसके लिए गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है।

.....

00000

प्रदेश में दलहन–तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए 18 अक्टूबर से ऑनलाईन पंजीयन शुरू होगा। इनमें मूंग, मूंगफली, उड़द और सोयाबीन की उपज शामिल है। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि किसान अपने जन आधार कार्ड और ऑनलाइन गिरदावरी से ई–मित्र के माध्यम से पंजीकरण करवा सकते है। उन्होंने बताया कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में मूंग खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 27 सितम्बर से ही शुरू कर दिये गए थे। श्री दक ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा मूंग का समर्थन मूल्य 8 हजार 768 रुपये, उड़द का 7 हजार 800, मूंगफली का 7 हजार 263 और सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5 हजार 328 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए राजफेड मुख्यालय में हेल्प लाइन नम्बर 1800–180–6001 स्थापित किया गया है।

00000